This question paper contains **3** printed pages]

H—247—2017

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

OCTOBER/NOVEMBER, 2017

HINDI

Paper IV

(विकल्प : स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य भाग 1)

(Friday, 17-11-2017) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''पता नहीं क्यों हर समय संदिग्ध मानी जाती है स्थिति स्त्री की। वर्जित हुआ रहता है अभय। किसी-न-किसी भय की तलवार तले काँपा करता है जीवन। किसी-न-किसी आक्रमण के खौफ में ठिठुरा आत्मविश्वास।'' 10

अथवा

''............ वही बना रहे तो किसलिए यह रक्षा के तम्बू ? .... किसलिए पहरेदारों के लिए विज्ञापन .... किसलिए पात्र-कुपात्र के कन्धों पर लदकर दुनिया देखने की लाचारी इस तरह जो मिलेगा उससे क्या सधेगा ? किस बात से रक्षा होगी ? कभी-कभी शील के खंडित हो जाने की सम्भावना से .... ?''

(ब) ''हृदय की कोरी स्लेट पर लिखी इस इबारत का कुछ तो असर होगा ? इन्हें याद करके मेरा हृदय आज भी दुखी होता है। ये बातें भुलाई नहीं जातीं। अभावपूर्ण जीवन में अपमान की पीड़ा और जातिभेद के दंश लगातार मिलते रहे।'' 10

P.T.O.

607558B4797EC327690B651DB2020C23

अथवा

''शिकंजा एक नहीं, कई थे। उन शिकंजों की जकड़न से जूझते हुए मैं किस तरह पढ़ सकी ? किस तरह आगे बढ़ सकी ? यह मेरी लंबी कथा है शिकंजे तब भी थे, दर्द तब भी था। शिकंजे के दर्द की कथा चल रही है जिदंगी के साथ-साथ!''

2. स्त्री विमर्श की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

स्त्री विमर्श : लेखन के आधार स्पष्ट कीजिए।

3. ''कामकाजी नारी के आंतरिक संघर्ष की अभिव्यक्ति 'तत-सम' उपन्यास का केंद्र बिंदु है''—समझाइए। 15

अथवा

स्त्री-विमर्श के परिप्रेक्ष्य में 'तत-सम' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

4. दलित स्त्री संघर्ष का सशक्त दस्तावेज 'शिकंजे का दर्द आत्मकथा है'' सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

'शिकंजे का दर्द' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर पद्रंह-बीस पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) प्रभा खेतान की रचनाओं का परिचय दीजिए।

(*ii*) कात्यायनी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(*iii*) काल विशेष में मृदुला गर्ग का स्थान निर्धारित कीजिए।

(*iv*) पद्मा सचदेव का जीवन परिचय दीजिए।

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) प्रभा खेतान की आत्मकथा का नाम क्या है ?

(*ii*) 'लज्जा' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं ?

(*iii*) पद्‌मा सचदेव का जन्म किस ई. सन में हुआ ?

(*iv*) 'इस स्त्री से डरो' किस विधा की रचना है ?

(*v*) मृदुला गर्ग की बड़ी बहन का नाम क्या है ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'उसके हिस्से की धूप' के रचनाकार .... हैं।

(*ii*) 'द सेकंद सेक्स' का हिंदी अनुवाद .... ने किया।

(*iii*) तस्लीमा नसरीन का जन्म .... ई. सन् में हुआ।

(*iv*) 'नवभारत टाइम्स' के संवाददाता के रूप में .... ने कार्य किया।

(*v*) पद्‌मा सचदेव की आत्मकथा का नाम .... है।

607558B4797EC327690B651DB2020C23